# हिमाचल प्रदेश बारहवीं विधान सभा

**(ग्यारहवां सत्र)**

**मौखिक उत्तर हेतु प्रश्न**

## मंगलवार, 1 मार्च, 2016/11 फाल्गुन, 1937 (शक्)

----

**[मुख्य मंत्री - खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री - बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री - उद्योग मंत्री - आबकारी एवं कराधान मंत्री तथा ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री ].**

**कुल प्रश्न - 31**

----

### डिजिटल राशन कार्ड

***2637 श्री ईश्वर दास धीमान (भोरंज):**

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) वर्तमान में प्रदेश में कुल कितने राशन कार्ड धारक हैं;

(ख) सरकार ने क्या इनके राशन कार्डों को डिजिटल राशन कार्ड में बदलने का निर्णय लिया है;

(ग) यदि हां, तो इसके लिए क्या समयावधि निर्धारित की गई है;

(घ) इसमें यह शर्त भी है कि राशन कार्ड धारक व उसके सदस्यों का आधार कार्ड होना अनिवार्य है; और

(ङ.) यदि हां, तो जिनके पास आधार कार्ड नहीं है तो सरकार क्या उनका राशन बन्द करने का विचार रखती है?

----

## भवन निर्माण हेतु धनराशि

***2638 श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) गत तीन वर्षों में चौपाल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत विभिन्न पाठशालाओं हेतु केन्द्र से कितनी धनराशि प्राप्त हुई; ब्यौरा वर्षवार दें;

(ख) यह राशि प्रतिवर्ष किस-किस पाठशाला में व्यय की गई और कितनी शेष है; ब्यौरा दें; और

(ग) इस अवधि में पाठशालाओं के भवन निर्माण हेतु स्वीकृत राशि का ब्यौरा नाम सहित दें तथा इन भवनों का निर्माण किस विभाग द्वारा करवाया जा रहा है; ब्यौरा दें?

----

## सूक्ष्म सिंचाई योजना

***2639 श्री बलदेव सिंह तोमर (शिलाई):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) गत तीन वर्षों में शिलाई विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कितने हरित गृहों (Green Houses) का निर्माण किया गया; इनमें कितना-कितना उपदान दिया गया; ब्यौरा नाम सहित दें;

(ख) इस अवधि में सूक्ष्म सिंचाई योजना के अन्तर्गत कितनी फव्वारा एवं टपक सिंचाई योजनाएं बनाई गई तथा कितना उपदान दिया; ब्यौरा नाम सहित दें; और

(ग) इस अवधि में इस क्षेत्र में व्यक्तिगत उठाऊ सिंचाई योजनाओं की कितनी योजनाएं स्वीकृत की गई तथा कितना उपदान दिया गया; ब्यौरा नाम सहित दें?

----

## प्रधान मन्त्री ग्राम सड़क योजना

***2640 श्री गुलाब सिंह ठाकुर(जोगिन्द्रनगर) :**
**श्री बिक्रम सिंह(जसवां-प्रागपुर) :**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) वर्ष 2014-15 व 2015-16 के लिए प्रदेश में प्रधान मन्त्री ग्राम सड़क योजना फेज-I व II के अन्तर्गत कौन-कौन सी योजनाएं स्वीकृत हुई; ब्यौरा जिलावार दें; और

(ख) इन योजनाओं के लिए कुल कितनी धनराशि का प्रावधान किया गया; ब्यौरा दें?

----

## Wind Energy

***2641 Dr. Rajeev Bindal (Nahan):**

Will the **MPP & Power Minister** be pleased to state that:-

(a) during the last three years what steps have been taken by the Government to generate wind energy; details be given;

(b) how many units of wind electricity have been produced and how much expenditure has been incurred; details be given; and

(c) whether the Government is proposing to improve the production in this field?

----

## कार्यरत महाविद्यालय

***2642 श्री अनिरूद्ध सिंह (कसुम्पटी):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) कसुम्पटी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कितने महाविद्यालय कार्यरत हैं; और

(ख) इन महाविद्यालयों में क्या भवनों का निर्माण कर दिया गया है; यदि नहीं, तो कब तक यह सुविधा प्रदान की जाएगी और इनके निर्माण हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत की गई और कितनी व्यय की गई; ब्यौरा दें?

----

## सब-स्टेशन खैरी

***2643 श्री सुरेश कुमार (पच्छाद):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि राजगढ़ विद्युत मंडल के अन्तर्गत खैरी में 33 KV Sub-Station के निर्माण का कार्य चल रहा है; और

(ख) यदि हां, तो यह कार्य कब शुरू किया गया तथा कब तक पूर्ण कर लिया जाएगा; इसके लिए कितना बजट स्वीकृत है; ब्यौरा दें?

----

## अधिकारियों के विरूद्ध कार्रवाई

***2644 श्री नरेन्द्र ठाकुर (सुजानपुर):**

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) गत एक वर्ष में परिवहन विभाग द्वारा हमीरपुर जिला में निजी बस ऑप्रेटरज़ को रूट परमिट और रूट समय-सारिणी जारी करने से पूर्व क्या हिमाचल पथ परिवहन निगम से अनापत्ति प्रमाण-पत्र लिया था; और

(ख) यदि नहीं, तो कारण और इस बारे दोषी अधिकारियों के विरूद्ध क्या कार्रवाई अमल में लाई गई; ब्यौरा दें ?

----

## Ropeways

***2645 Smt. Asha Kumari (Dalhousie):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state that:-

(a) how many ropeways are presently operating in Government and private sector in the State;

(b) how many more ropeways are proposed to be set up; and

(c) whether any ropeway is proposed to be set up in Chamba District ?

----

## करंट लगने का खतरा

***2646 श्री जय राम ठाकुर (सिराज़):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) यह सत्य है कि जिला मण्डी में पार्वती तथा कोल डैम ट्रांसमिशन लाइन से ग्राम पंचायत सरोआ तथा साथ लगते क्षेत्रों में बिजली से करंट लगने का खतरा बना हुआ है; और

(ख) यदि हां, तो सरकार ने इन ग्रामीणों को करंट से बचाने के लिए क्या कदम उठाये हैं; ब्यौरा दें ?

----

## रिक्त पदों की पूर्ति

***2647 श्री विनोद कुमार (नाचन):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) वर्तमान में नाचन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत कितनी ऐसी पंचायतें हैं जहां सचिव के पद रिक्त हैं; विवरण दें; और

(ख) सरकार इन रिक्त पदों को कब तक भरने का विचार रखती है; विवरण दें ?

----

## सड़क की चौड़ाई

***2648 श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू) :**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) यह सत्य है कि राष्ट्रीय उच्च मार्ग जिया-रामशीला बाइपास कुल्लू में निर्माण हेतु भूमि अधिग्रहण की गई है; यदि हां, तो कितने मीटर सड़क चौड़ाई का प्रावधान है और मौके पर निर्मित सड़क की चौड़ाई कितनी है;

(ख) यह भी सत्य है कि विभाग द्वारा चौड़ाई का कार्य पूर्ण करने से पूर्व ही सड़क के किनारे नाली का निर्माण कर दिया है; यदि हां, तो ब्यौरा कारण सहित दें;

(ग) इस बाइपास पर कुल्लू शहर के सामने क्या अवैध निर्माण किया गया है जो यातायात में बाधा पहुंचा रहा है; और

(घ) सरकार इस अवैध निर्माण को कब तक हटाने का विचार रखती है?

----

## बस अड्डे का निर्माण

***2649 श्री सुरेश भारद्वाज (शिमला):**

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) यह सत्य है कि रोहड़ू में नये बस अड्डे का निर्माण कार्य चल रहा है; यदि हां, तो अभी तक कितनी मंजिलें बनकर तैयार हुई हैं;

(ख) यह भी सत्य है कि सरकार द्वारा पांच मंजिला भवन के स्थान पर दो ही मंजिला भवन बनाया जा रहा है; ब्यौरा कारणों सहित दें; और

(ग) इस बस अड्डे पर क्या पार्किंग का भी प्रावधान किया गया है; यदि हां, तो इसका कार्य कब तक प्रारम्भ किया जायेगा ?

----

## पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि

***2650 श्री हंस राज (चुराह):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) दिनांक 31-01-2016 तक प्रदेश में पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि योजना किस-किस जिले में चल रही थी; और

(ख) यह सत्य है कि सरकार ने इस योजना को बन्द कर दिया है; यदि हां, तो कितने लोग बेरोजगार हुए; ब्यौरा दें?

----

## Construction of Bridge

***2651 Sh. Ravi Thakur (Lahaul & Spiti):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state that:-

(a) whether it is a fact that following bridges are under construction in Lahaul & Spiti:-

(1) Lobar (2) Nalda (3) Chaling (4) Salgren (5) Chokong (6) Chheling (7) Pakor (8) Yoche (9) Yanglo (10) Gozeng (11) Chichem (12) Qomo (13)Tankti (14) Leo Bye-pass Bridge;

(b) if yes; by when the Department propose their completion; and

(c) whether the FCA and FRA clearances of these schemes have been taken & budget provision made in NABARD ?

----

## ग्राम पंचायतों द्वारा चुनाव बहिष्कार

***2652 श्री गोविन्द सिंह ठाकुर (मनाली):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि मनाली विधान सभा चुनाव क्षेत्र की कुछ ग्राम पंचायतों ने हाल ही में सम्पन्न हुए पंचायत चुनावों का बहिष्कार किया है;

(ख) यदि हां, तो यह पंचायतें कौन-कौन सी हैं; ब्यौरा इनके बहिष्कार के कारणों सहित दें; और

(ग) सरकार ने इन पंचायतों में क्रियान्वित होने वाले कार्यों के लिये क्या व्यवस्था की है; ब्यौरा दें?

----

## नए राष्ट्रीय उच्च मार्ग

***2653 श्री वीरेन्द्र कंवर (कुटलैहड़):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) यह सत्य है कि गत एक वर्ष में केन्द्र सरकार ने प्रदेश के लिए नए राष्ट्रीय उच्च मार्ग स्वीकृत किए हैं; यदि हां, तो ब्यौरा इनके नाम, संख्या और लम्बाई सहित दें; और

(ख) इनके निर्माण कार्य की अद्यतन स्थिति क्या है; ब्यौरा दें?

----

## वरिष्ठ माध्यमिक पाठशालाएं

***2654 श्री इन्द्र सिंह (सरकाघाट):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) वर्तमान में सरकाघाट विधान सभा चुनाव क्षेत्र के अन्तर्गत कितने 10+2 विद्यालय हैं;

(ख) इनमें से कितने ऐसे हैं जहां पर विज्ञान व वाणिज्य के विषय नहीं पढ़ाये जाते हैं; और

(ग) इनमें से कितने ऐसे हैं जहां प्रधानाचार्य का पद रिक्त है?

----

## सड़क निर्माण

***2655 श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) चौपाल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत पिछड़ी पंचायतें टेलर और किरण को सड़क से जोड़ने हेतु क्या विभाग द्वारा डी0पी0आर0 तैयार कर दी गई है; यदि नहीं, तो कारण; और

(ख) वन विभाग द्वारा भी इन दोनों पंचायतों के लिए FCA के अंतर्गत स्वीकृती देने हेतु क्या मामला तैयार कर दिया है; यदि हां, तो कब; ब्यौरा दें?

----

## लाल ढांक-रोहड़ू सड़क

*2656 **श्री बलदेव सिंह तोमर (शिलाई):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) राष्ट्रीय उच्च मार्ग-72बी लाल ढांक से रोहड़ू की वर्तमान स्थिति क्या है; और

(ख) इस सड़क का 46-109 कि0मी0 का क्या पुनः टेंडर हुआ है; यदि हां, तो किस ठेकेदार को कार्य आबंटित किया गया तथा निर्माण कार्य कब तक प्रारम्भ किया जायेगा?

----

## कार्य का कार्यान्वयन

*2657 **श्री अनिरूद्ध सिंह (कसुम्पटी):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि दिनांक 25-12-2012 से 31-1-2016 तक कसुम्पटी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत माननीय मुख्य मन्त्री द्वारा कितने कार्यों के उद्‌घाटन किए गए और कितने कार्य कार्यान्वित किए गए; ब्यौरा पूर्ण किए गए तथा शेष रहे कार्यों के नाम सहित दें ?

----

## भवन रहित पाठशालाएं

*2658 **श्री सुरेश कुमार (पच्छाद):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) वर्तमान में पच्छाद विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कुल कितनी वरिष्ठ माध्यमिक, उच्च, माध्यमिक व प्राथमिक पाठशालाएं हैं; और

(ख) इनमें से कितनी पाठशालाओं के पास अपने भवन नहीं हैं; ब्यौरा दें?

----

## Fire Station at Banikhet

*2659 **Smt. Asha Kumari (Dalhousie):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state that:-

(a) whether it is a fact that a fire station is established by the Department at Banikhet;

(b) if yes, whether the Department has identified any land to construct permanent fire station at Banikhet; and

(c) what is the current status of the case?

----

## सड़कों का निर्माण

***2660 श्री जय राम ठाकुर (सिराज़):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) गत तीन वर्षों में सिराज़ विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत लोक निर्माण विभाग द्वारा कितनी नई सड़कों का निर्माण किया गया; और

(ख) इन सड़कों का ब्यौरा नाम, सड़कों की लम्बाई तथा खर्च की गई धनराशि सहित दें ?

----

## पाठशालाओं का उन्नयन

***2661 श्री विनोद कुमार (नाचन):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) दिनांक 1 अप्रैल, 2015 से 31-1-2016 तक नाचन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कितने प्राथमिक, माध्यमिक और उच्च पाठशालाओं को स्तरोन्नत किया गया; ब्यौरा नाम सहित दें; और

(ख) इन पाठशालाओं की क्या अधिसूचना जारी कर दी गई है; ब्यौरा दें?

----

## बाइपास का निर्माण

***2662 श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) यह सत्य है कि अखाड़ा बाजार के पीछे ब्यासा मोड़ से लेकर रामशीला तक छोटी गाड़ियों हेतु बाइपास बनाया जाना प्रस्तावित है;

(ख) यदि हां, तो सरकार द्वारा अभी तक इस कार्य हेतु कितनी धनराशि खर्च की जा चुकी है और कितना कार्य पूर्ण हो चुका है; ब्यौरा दें; और

(ग) इस कार्य को पूर्ण करने हेतु कितनी धनराशि की और आवश्यकता है और सरकार कब तक यह धनराशि उपलब्ध करवाने का विचार रखती है?

----

## अधिकारियों/कर्मचारियों की रिक्तियां

***2663 श्री हंस राज (चुराह):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में प्रदेश में लोक निर्माण विभाग के अन्तर्गत अधिकारियों व कर्मचारियों के कितने-कितने पद रिक्त हैं; ब्यौरा जिलावार दें; और

(ख) रिक्त पद कब तक भर दिए जाएंगे; ब्यौरा दें?

----

## Allocation of Funds

***2664 Sh. Ravi Thakur (Lahaul & Spiti):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state that:-

(a) whether it is a fact that during last year foundation was laid by Hon'ble Chief Minister for the development of infrastructure of Trilokinath premises and construction of Sarai & stage with site development; and

(b) if so, how much funds have been allocated & by when it will be completed?

----

## अधिकारियों/कर्मचारियों की तैनाती

***2665 श्री गोविन्द सिंह ठाकुर (मनाली):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि हाल ही में जिला कुल्लू के अन्तर्गत विभिन्न विकास खण्डों में हुये पंचायत चुनावों को सम्पन्न करवाने हेतु कितने सरकारी कर्मचारियों/अधिकारियों को तैनात किया गया; उनमें से कितने कर्मचारी/अधिकारी अपने मताधिकार का प्रयोग कर पाये; ब्यौरा उनके नाम, पद व विभाग सहित दें?

----

## समारोह हेतु मुख्य अतिथि

***2666 श्री वीरेन्द्र कंवर (कुटलैहड़)ः**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में विभिन्न सरकारी शैक्षणिक संस्थानों जैसे कि पाठशालाओं, महाविद्यालयों इत्यादि के अन्तर्गत होने वाले कार्यक्रमों, उद्घाटनों, शिलान्यासों व पारितोषिक वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर किस श्रेणी के व्यक्ति अधिकृत है; व्यौरा सभा पटल पर रखें?

----

## भवनों का रख-रखाव

***2667 श्री इन्द्र सिंह (सरकाघाट)ः**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) वर्तमान में प्रदेश में कितनी प्राथमिक पाठशालाएं ऐसी हैं जो छात्र न होने की वजह से बन्द हैं; ब्यौरा जिला व खण्डवार दें;

(ख) इन पाठशालाओं के खाली पड़े भवनों का रख-रखाव किसके माध्यम से करवाया जा रहा है; और

(ग) सरकार क्या इन भवनों का अन्य उपयोग करने का विचार रखती है; ब्यौरा दें?

----

**शिमलाः 171004.** **सुन्दर सिंह वर्मा,**

**दिनांकः 12 फरवरी, 2016 .** **सचिव।**